दिन–शनिवार दिनांक– 06 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

02. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जमुई से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। एनडीए पर परिवारवाद का लगाया आरोप।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू जैसे हालात। बयालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर पांच प्रिंटिंग प्रेस से लगभग पच्चीस करोड़ रूपये मूल्य की नकली किताब बरामद की।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद श्री मोदी का यह बिहार का दूसरा दौरा है। श्री मोदी ने इससे पहले जमुई में एक जनसभा को संबोधित किया था। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जमुई से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। श्री यादव ने पार्टी प्रत्याशी अर्चना रविदास के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये एनडीए पर परिवारवाद का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आज देशभर में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी जब राज्य में सत्ता में थी तब मात्र सत्रह महीने में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी गयी। उन्होंने दावा किया कि इंडी गठबंधन को पहले चरण की सभी चार सीटों पर जीत मिलेगी। रैली को विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

———————————————————

चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कई अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्रत्याशियों की प्रोफाईल को रियल टाईम अपडेट किया जाएगा। इसके

साथ ही दागी प्रत्याशियों की प्रोफाईल आयोग की ऐप पर लाल रंग में नजर आयेगी। वहीं, जिन प्रत्याशियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं होगा, उनकी प्रोफाईल हरे रंग में दिखाई पड़ेगी। चुनाव आयोग द्वारा नो योर कैंडीडेट–केवाईसी ऐप पर प्रत्याशियों के शपथ पत्र को अपलोड किया जाएगा।

————————————————————————

चुनाव की विशेष स्टोरी के तहत आज हम मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के विशेष प्रयास की बात करेंगे। एक समय वह भी था जब वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को भी वोट देने के लिए मतदान केंद्र जाना पडता था। लंबी लाइनों में खडे रहना और गर्मी में परेशानी झेलना बहुत मुश्किल था। लेकिन अब उनके लिए विकल्प उपलब्ध हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

इस चुनाव में लगभग 82 लाख वरिष्ठ नागरिक और 88 लाख से ज्यादा दिव्यांग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इन मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने श्वोट फ्रॉम होमश अभियान की शुरूआत की है। इस पहल के तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों और 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले मतदाताओं को घर से वोट डालने की सुविधा दी जाएगी। मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए चुनाव आयोग के अधिकारी वीडियोग्राफर और सुरक्षाकर्मियों की टीम ऐसे मतदाताओं के घर जाकर उनका मतदान सुनिश्चित करेगी। चुनाव आयोग इन मतदाताओं को स्वयंसेवकों, व्हीलचेयर और परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करेगा। इसके अलावा चुनाव आयोग सक्षम ऐप को बढ़ावा दे रहा है, जिसे चुनावी प्रक्रिया में दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस ऐप में मतदाता पंजीकरण, मतदान केंद्र स्थान जैसी जानकारियां उपलब्ध होंगी। चुनाव आयोग विकलांगता के बजाय क्षमता पर ध्यान केंद्रित कर, प्रत्येक नागरिक की भागीदारी के महत्व पर जोर दे रहा है और अपने आदर्श वाक्य श्प्रत्येक वोट मायने रखता हैश को रेखांकित कर रहा है। अर्पिता चौधरी के साथ दुर्गेश भदोरिया, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।

————————————————————————

और आईये अब सुनते हैं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नक्सल प्रभावित औरंगाबाद संसदीय सीट पर लोगों की निगाहें लगी हुई हैं। भाजपा के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह आठवीं बार इस सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। श्री सिंह को चार बार सफलता मिली जबकि तीन बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बार उनका मुकाबला राजद के अभय कुशवाहा से है। श्री कुशवाहा राजद के टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। वे जदयू छोड़कर इस बार राजद में शामिल हुये हैं। दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में सुशील कुमार सिंह का मुकाबला हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के उपेन्द्र प्रसाद से हुआ था। इस संसदीय क्षेत्र से नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस की परंपरागत सीट रही औरंगाबाद से इस बार पूर्व राज्यपाल और पूर्व सांसद निखिल कुमार को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मायूसी है। चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित के कार्यों, मोदी की गारंटी और क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों को चुनाव प्रचार में जोरशोर से उठा रहे हैं। वहीं, इंडी गठबंधन के अभय कुशवाहा अपनी चुनावी सभाओं में महंगाई, बेरोजगारी और क्षेत्र के पिछड़ापन को लेकर भाजपा की आलोचना कर रहे हैं। औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र कुल 6 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिसमें तीन गया और तीन औरंगाबाद जिले में हैं। रफीगंज और गुरूआ विधानसभा क्षेत्र पर राजद का जबकि औरंगाबाद और कुटुंबा पर कांग्रेस का कब्जा है। वहीं, इमामगंज और

टिकारी विधानसभा क्षेत्र में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के विधायक हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर छापेमारी अभियान जारी है।

आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद कमल किशोर।

———————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस लोकसभा क्षेत्र में पांचवे चरण के तहत बीस मई को मतदान होगा। जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी है। शत प्रतिशत मतदान, सीतामढ़ी का अभियान नारों के थीम के साथ स्वीप कोषांग के तहत मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताते हुए जागरूक किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता अवधेश मिश्रा को स्वीप कोषांग का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रिची पांडेय ने बताया कि जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर संकल्पित है। जिले में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक हो, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

———बाईट–जिला निर्वाचन पदाधिकारी———

वहीं, पहली बार मतदाता बने युवा भी मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

———बाईट– युवा मतदाता———

सीतामढ़ी जिले की सीमा पड़ोसी देश नेपाल से जुड़ी हुई है। इसे लेकर सीमा पर चौकसी भी बढ़ा दी गई है। इंडो नेपाल सीमा पर आने जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल नौ मामले दर्ज किये गये। वहीं, छह लाख रूपये से अधिक नकद जब्त किये गये। साथ ही पच्चीस हजार लीटर से अधिक शराब और एक सौ चौवन किलो मादक पदार्थ भी जब्त किये गये।

———————————————————————

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर गया आ रहे हैं। वे आईआईएम, बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। श्री धनखड़ महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना भी करेंगे।

———————————————————————

पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर पांच प्रिंटिंग प्रेस से लगभग पच्चीस करोड़ रूपये मूल्य की नकली किताब बरामद की है। मौके से सरगना राकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस में एनसीईआरटी समेत अन्य प्रकाशकों की किताबों की छपाई की जाती थी।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के दक्षिणी और उत्तर पश्चिमी हिस्सों में कई स्थानों पर लू जैसे हालात बन गये हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। वहीं, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की विशेष और कम्पार्टमेंटल परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा का आयोजन चार मई से ग्यारह मई के बीच किया जायेगा।

————————————————————————

पटना के मेहंदीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत दीपनगर में एक कबाड़ी की दुकान में भीषण आग लग गयी। आस–पास के कई घर भी आग की चपेट में आ गये। अग्निशमन दस्ते की बारह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं, भागलपुर के मुजाहिदपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिकंदरपुर पानी टंकी के पास शॉटसर्किट से एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गयी। दमकल की दस गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुगौली–छपरा–बहास पथ पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान तीस किलो चांदी के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। बरामद चांदी का बाजार मूल्य तीस लाख रूपये बताया जा रहा है।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सामस गांव स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर चार पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किया। पुलिस ने गृहस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————

किशनगंज में खनन विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध खनन कार्य में शामिल पांच ट्रक और एक जेसीबी को जब्त किया गया है।

———————————————————————

नवादा जिले के पकरीबरावां बाजार स्थित एक एटीएम के पास से पुलिस ने एक साईबर अपराधी को चौंतीस हजार रूपये और चार एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है। बाद में पुलिस ने उसके घर छापेमारी कर कई एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, सिमकार्ड और आधार कार्ड समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

———————————————————————

नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के खरौंध गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के झरौखर थाना क्षेत्र के अमवा चौक पर पुलिस ने तीन नेपाली नागरिकों को हिरासत में लिया है। उनके पास से एक लाख रूपये से अधिक नेपाली मुद्रा और एक मोटरसाईकिल भी बरामद की गयी है।

———————————————————————

पटना के दनियावां थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच तीस–ए पर पुलिस ने पांच पशु तस्करों को पच्चीस मवेशियों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पचना क पास सड़क हादसे में पिता–पुत्र की मौत हो गयी। हादसे में मृतक की पत्नी और पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गयी हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

02. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जमुई से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। एनडीए पर परिवारवाद का लगाया आरोप।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू जैसे हालात। बयालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर पांच प्रिंटिंग प्रेस से लगभग पच्चीस करोड़ रूपये मूल्य की नकली किताब बरामद की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।